भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)
National Highways Authority of India
(Ministry of Road Transport and Highways)
जी-5 एवं 6, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली-110075
G-5 & 6, Sector-10, Dwarka, New Delhi-110075

दूरभाष / Phone : 91-11-25074100/25074200
फैक्स / Fax : 91-11-25093507 / 25093514

भा.रा.रा.प्रा./सी.ओ./2014-15/ पी.जी /12/56080

तारीख 02.09.2014

सेवा मे,

श्री के पी सिंह,
रेलवे क्रासिंग शिंग बहादुरगंज,
शाहजहांपुर (उ.प्र.)

विषय: जनपद शाहजहांपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-24 के किमी. 325.00 में स्थित गुर्रा सेतु बरेली सीतापुर सेक्शन पर पथकर वसूली में की जा रही धाँधली के सबंध में:-

महोदय,

कृपया अपने पत्र दिनांक 14.06.2014 व 18.08.2014 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा जनपद शाहजहांपुर मे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-24 (बरेली सीतापुर सेक्शन) के किमी. 325.00 पर स्थित गर्रा सेतु पर पथकर वसूली में की जा रही धाँधली को रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही हेतु अनुरोध किया गया है।

2. इस संबंध मे भा.रा.रा.प्रा. द्वारा दिनांक 20 अगस्त 2014 को टोल प्लाजा का औचक निरीक्षण किया गया । मौके पर एक कर्मचारी बिना रसीद की पर्ची दिये ₹25/- वसूलता पाया गया। अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार ठेकेदार पर ₹37,500/- का जुर्माना लगाते हुए कठोर निर्देश जारी किये गये है कि टोल प्लाज़ा पर अनियमितताओ को अविलम्ब ठीक किया जाये अन्यथा अनुबन्ध की शर्तो के अनुरूप कठोर कार्यवाही की जायेगी

3. तदनुसार शिकायत विस्तारित समझी जाये।

भवदीय,

के वी सिंह 2.09.14
(के.वी.सिंह)
महा प्रबन्धक, (व्यावसायिक संचालन)